भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3005

जिसका उत्तर 06.08.2026 को दिया जाना है

भारतमाला परियोजना के अंतर्गत मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क

3005. श्री मनोज तिवारी:

श्री बलभद्र माझी:

श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू:

डॉ. के. सुधाकर:

श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़:

श्री कोटा श्रीनिवास पूजारी:

श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी:

श्री महेंद्र सिंह सोलंकी:

श्री जुगल किशोर:

डॉ. हेमंत विष्णु सवरा:

श्री हरिभाई पटेल:

श्री अभिमन्यु सेठी:

श्री मनीष जायसवाल:

श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी:

श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन:

श्री नव चरण माझी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने भारतमाला परियोजना के अंतर्गत मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्कों के विकास की कोई समीक्षा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) देश भर में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्कों के विकास और प्रचालन में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार क्या प्रगति हुई है;

(ग) उन राज्यों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है जहां ऐसे पार्कों के विकास के लिए निजी कंपनियों के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं;

(घ) देश में औद्योगिक समूहों, कृषि उत्पादों और एमएसएमई को सहायता प्रदान करने के लिए रेलवे, पत्तनों, अंतर्देशीय जलमार्गों और अन्य माल परिवहन नेटवर्कों के साथ सड़क अवसंरचना को एकीकृत करके मल्टीमॉडल संपर्क को सुदृढ़ करने के लिए राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार क्या उपाय किए गए हैं;

(ङ) देश में लॉजिस्टिक लागत को कम करने, माल ढुलाई दक्षता में सुधार करने, निवेश आकर्षित करने, रोजगार सृजन करने, आर्थिक और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने पर इन लॉजिस्टिक्स पार्कों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार क्या प्रभाव पड़ने की संभावना है; और

(च) क्या देश में कोई अतिरिक्त मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क प्रस्तावित किए गए हैं अथवा विचाराधीन हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और वर्तमान स्थिति क्या है और इनको पूरा करने की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार क्या समय-सीमा निर्धारित है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ख) सरकार द्वारा मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) परियोजनाओं की समय-समय पर समीक्षा की जाती है।

सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने भारतमाला परियोजना के तहत सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) पद्धति से चेन्नई (तमिलनाडु), बेंगलुरु (कर्नाटक) और इंदौर (मध्य प्रदेश) में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) के विकास हेतु 3 परियोजनाओं को आवंटित किया है। नवंबर 2023 के बाद से भारतमाला परियोजना के अंतर्गत कोई और परियोजना आवंटित नहीं की जा रही है। इसके अतिरिक्त, सरकार ने एमएमएलपी विकास के लिए 11 अतिरिक्त अवस्थानों को प्राथमिकता दी है। 14 अवस्थानों (जिनमें **भारतमाला** के अंतर्गत 3 शामिल हैं) पर एमएमएलपी की स्थिति अनुलग्नक-क में संलग्न है।

(ग) पीपीपी (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) मोड पर चेन्नई, बेंगलुरु और इंदौर में एमएमएलपी के विकास के लिए संबंधित बोलीदाताओं के साथ रियायत करारों पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

(घ) सड़क और रेल अवसंरचना के एकीकरण को सुनिश्चित करने के लिए समर्पित सहायक रेल लाइन और बाहरी सड़क एवं रेल संपर्कता (कनेक्टिविटी) के साथ एमएमएलपी विकसित किए जा रहे हैं। चेन्नई, बेंगलुरु, नागपुर और इंदौर स्थित एमएमएलपी में एकीकरण का कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त, वाराणसी और जोगीघोपा स्थित एमएमएलपी में अंतर्देशीय जलमार्गों के साथ एकीकरण का प्रस्ताव है।

(ङ) चूंकि एमएमएलपी अभी विकास के चरण में हैं, इसलिए रसद लागत को कम करने, माल ढुलाई दक्षता में सुधार करने, निवेश आकर्षित करने, रोजगार सृजित करने और आर्थिक एवं औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के संबंध में इनके प्रभाव का आकलन अभी किया जाना है।

(च) सरकार द्वारा प्रस्तावित अतिरिक्त एमएमएलपी का विवरण अनुलग्नक-क में दी गई तालिका के क्रम संख्या 4 से 14 तक देखा जा सकता है।

अनुलग्नक-क

'भारतमाला परियोजना के अंतर्गत मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क' के संबंध में श्री मनोज तिवारी, श्री बलभद्र माझी, श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू, डॉ. के. सुधाकर, श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़, श्री कोटा श्रीनिवास पूजारी, श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी, श्री महेंद्र सिंह सोलंकी, श्री जुगल किशोर, डॉ. हेमंत विष्णु सवरा, श्री हरिभाई पटेल, श्री अभिमन्यु सेठी, श्री मनीष जायसवाल, श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी, श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन और श्री नव चरण माझी के द्वारा दिनांक 06.08.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3005 के भाग (क) से (ख) और (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

सरकार द्वारा आवंटित/प्रस्तावित मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क परियोजनाओं का विवरण:

क्रम संख्या	राज्य	एमएमएलपी अवस्थान	क्षेत्रफल (एकड़ में)	स्थिति
भारतमाला परियोजना के तहत आवंटित की गई परियोजनाएँ				
1	तमिलनाडु	चेन्नई	184.27	कार्यान्वयन के अधीन
2	मध्य प्रदेश	इंदौर	255.17	कार्यान्वयन के अधीन
3	कर्नाटक	बैंगलोर	391.73	कार्यान्वयन के अधीन
सरकार द्वारा प्रस्तावित अतिरिक्त परियोजनाएं				
4	महाराष्ट्र	नागपुर	150.42	स्वीकृति पत्र (एलओए) जारी किया गया
5	महाराष्ट्र	नासिक	128.84	डीपीआर पूरा हो गया; परियोजना मूल्यांकन चरण में है
6	महाराष्ट्र	जलना	63.00	संचालन एवं रखरखाव (ओ एंड एम) मॉडल पर वाणिज्यिक परिचालन शुरू हुआ।
7	बिहार	पटना	103.23	डीपीआर चरण में
8	आंध्र प्रदेश	अनंतपुर	109.64	डीपीआर चरण में
9	आंध्र प्रदेश	विशाखापत्तनम	120.00	डीपीआर चरण में
10	तेलंगाना	हैदराबाद	156.00	डीपीआर चरण में
11	महाराष्ट्र	पुणे	334.96	डीपीआर चरण में

12	असम	जोगीघोपा*	195.00	यह परियोजना संचालन एवं रखरखाव मॉडल पर शुरू की जाएगी; परियोजना मूल्यांकन का प्रस्ताव तैयारी के अधीन है।
13	उत्तर प्रदेश	वाराणसी	40.00	दिनांक 15.07.2026 को परियोजना को मंजूरी दे दी गई; निविदा प्रक्रिया जारी है
14	असम	सिलचर		डीपीआर शुरू किया जा रहा है

*** असम सरकार के सहयोग से इंजीनियरिंग, प्रापण और निर्माण (ईपीसी) मोड पर आंतरिक सड़कों, जनोपयोगी सुविधाओं, गोदामों के साथ-साथ बाहरी सड़क और रेल कनेक्टिविटी सहित भूमि क्षेत्र का विकास।**

*****